तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 18 फरवरी 2026

4 जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन की जांच करेगी राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम





## खबर संक्षेप




### एनटीपीसी पश्चिमी क्षेत्र द्वितीय का बैडमिंटन टूर्नामेंट

**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में पश्चिमी क्षेत्र द्वितीय का बैडमिंटन टूर्नामेंट का आगाज हुआ है। टूर्नामेंट का उदघाटन परियोजना प्रमुख सुभाष ठाकुर एवं रेखा ठाकुर, अध्यक्षा प्रेरिता महिला समिति द्वारा अन्य महाप्रबंधोको के साथ द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख द्वारा टूर्नामेंट का मस्कट एवं ट्रॉफी का अनावरण किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि एवं खिलाड़ियों द्वारा आकाश में गुब्बारा छोड़कर किया गया। इस खेल प्रतियोगिता मे एनटीपीसी के सीपत, कोरबा, लारा, गाडरवारा, खरगोन एवं पश्चिमी क्षेत्र मुख्यालय के खिलाड़ियों ने सिरकर कर रहे है। यह टूर्नामेंट 19 फरबरी तक चलेगी।

### होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन की सुविधा

**रायगढ़।** आगामी होली त्यौहार के दौरान यात्रियों को सुगम, सुरक्षित एवं आरामदायक यात्रा सुविधा की मंशा से रेलवे प्रबंधन द्वारा इस वर्ष 1,410 से अधिक होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की योजना बनाई गई है, जिसमे दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से भी 15 होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा। इसी कड़ी में रेलवे द्वारा होली के अवसर पर मार्ग गोंदिया दरभंगा मार्ग की गाड़ियों में होने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुए एक होली फेस्टिवल स्पेशल ट्रेन का परिचालन गोंदिया एवं पटना के मध्य एक फेरे के लिये की जा रही है। यह गाड़ी गोंदिया से गाड़ी संख्या 08861 नंम्बर के साथ दिनांक 02 मार्च, 2026 को तथा पटना से गाड़ी संख्या 08862 नम्बर के साथ 03 मार्च को चलेगी। इस स्पेशल ट्रेन में 2 एसएलआर, 04 सामान्य, 08 स्लीपर, 03 एसी थ्री, 01 एसी टू सहित कुल 18 कोच रहेगी।

### अग्निवीर भर्ती के लिए अंतिम तिथि 1 अप्रैल

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी से प्रारंभ हो चुकी है। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर पुरुष जनरल, तकनीकी, लिपिक स्टोर कीपर, ट्रेडमैन दसवीं एवं आठवीं उत्तीर्ण तथा अग्निवीर महिला सेना पुलिस सहित स्थायी कैडर नर्सिंग असिस्टेंटए नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई 1 जून से 10 जून के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है।

### भारतीय डाक विभाग की वर्चुअल डाक अदालत आज

**रायगढ़।** उपभोक्ताओं की डाक सेवाओं से जुड़ी शिकायतों के त्वरित और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा 18 फरवरी को वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। विभाग ने बताया कि इस पहल का मकसद ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवाएं प्रदान करना और लंबित मामलों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित करना है। डाक सेवाओं में कभी.कभी उत्पन्न होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए यह मंच उपभोक्ताओं और विभागीय अधिकारियों के बीच सीधा संवाद स्थापित करेगा। यह वर्चुअल डाक अदालत 18 फरवरी को रायगढ़ संभाग के अंतर्गत अधीक्षक डाकघर कार्यालय कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास रायगढ़ में किया जाएगा।

---

### एसडीएम के नोटिस का नहीं हुआ असर

# गेजामुड़ा के प्रदर्शनकारी किसानों को पुलिस बल के साथ उठाने पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



एसडीएम के नोटिस का भी जब असर नहीं हुआ तो मंगलवार को पुलिस बल के साथ प्रदर्शनकारी किसानों को उठाने अधिकारी पहुंच गए। मौके पर लगाए गए टेंट उखाड़ दिया और ग्रामीणों को वहां से हटा दिया। ग्रामीण किसान बीते 15 दिनों से प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें से तीन किसानों को एसडीएम ने नोटिस देकर प्रदर्शन खत्म करने कहा था, लेकिन इसका कुछ असर नहीं हुआ। इसके बाद मंगलवार को एसडीएम खुद पुलिस बल के साथ किसानों को हटाने पहुंचे थे। गेजामुड़ा समेत 13 गांव के करीब 700 किसानों का जमीन रेल परियोजना के जद में आ रहा है। इसका अधिग्रहण कई साल पहले कर लिया गया है, लेकिन रेल परियोजना निर्माण का काम अभी चालू किया गया है। किसान अपनी जमीन का मुआवजा बढ़े हुए दर पर मांग कर रहे हैं। इसे लेकर 15 दिनों से किसान गेजामुड़ा में तंबू लगाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। तमनार कांड के बाद प्रशासन सतर्क हो गया है। इसके कारण एहतियातन किसानों को नोटिस जारी कर प्रदर्शन खत्म करने कहा था, लेकिन किसान नहीं माने। इसके बाद मंगलवार को पुलिस दल बल के साथ वहां अधिकारी पहुंचे और किसानों का प्रदर्शन खत्म कराने की कवायद करने लगे। इस दौरान किसानों से काफी बहसा- बहसी भी हुई।

#### 30 प्रतिशत कटौती

किसानों का कहना है कि जमीन का मुआवजा पुराने रेट में दे रहे हैं। उनकी मांग नई गाइड लाइन के हिसाब से है। दूसरी ओर जो मुआवजा अभी दिया जा रहा है उसमें भी 30 फीसदी राशि कटौती करने की बात किसानों द्वारा कही जा रही है। ऐसे में किसान नाराज हैं और आंदोलन कर रहे हैं। किसानों का आरोप है कि बिना ग्राम सभा की सहमति भू अर्जन प्रक्रिया चालू कर दी गई है। कुल मिलाकर किसान इसे

---

# इलाज कराने निकला था पूरा परिवार, आ गए ट्रक की चपेट में, पिता-पुत्र की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




**मां और एक बच्चे को भी लगी है चोट**

**खास बात**
- पुलिस ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल

तराईमाल स्थित बंजारी प्लांट के पास सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। इस हादसे में पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं मां और दूसरा बच्चा भी गंभीर रुप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पूंजीपथरा थना क्षेत्र के महुआ चौक तुमीडीह निवासी मोहम्मद अशरफ कुरैशी अपनी पत्नी और दो बच्चों को लेकर मोटर साइकिल से करीब 12 बजे इलाज के लिए रायगढ़ जा रहे थे। परिवार का 8 वर्षीय बेटा बीमार था, जिसे दिखाने वे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक ने अचानक बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना जबरदस्त था कि मोहम्मद अशरफ कुरैशी और उनके 8 वर्षीय पुत्र आफताब कुरैशी की मौके पर ही मौत हो गई। पत्नी और एक अन्य बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद सड़क पर चीख-पुकार और अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूंजीपथरा मार्ग पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर हादसों का कारण बनती रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं, लेकिन प्रभावी नियंत्रण के उपाय नजर नहीं आ रहे हैं।

---

# पेंशन के लिए बुजुर्गों ने निकाली रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दिव्यांग, वृद्धावस्था और विधवा पेंशन बीते चार महीने सें हिताग्राहियों को नहीं मिली है। इसे लेकर मंगलवार को बुजुर्गों ने एक रैली निकाली और विरोध प्रदर्शन- किया। बुजुर्गों का साथ कांग्रेस ने दिया और पूरी रैली के दौरान साथ रहे। बुजुर्गों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर जल्द पेंशन की मांग की। खास बात यह है कि जो पेंशन बाकी है उसकी राशि केंद्र सरकार से आती है और वहां से अब तक आई नहीं है। इसमें कुछ तकनीकी खामियों का भी हवाला दिया जा रहा है। जानकारी मिली है कि पोर्टल में कुछ सुधार करने की वजह से राशि जमा नहीं हो पा रही है।

---

# पीएम सड़क में संयंत्रों के भारी वाहनों का रेला, ग्रामीणों ने दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पीएम सड़क में प्लांटों के भारी वाहनों का रेला ऐसे चला कि अब ढूंढने से भी सड़क नहीं मिलेगा। सड़क पहले जैसे ही अब पगडंडी बन चुकी है। हालात यह है कि ग्रामीणों को इस सड़क में चलते भी नहीं बन रहा है। सराईपाली गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने घरघोड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है और 15 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस दौरान सड़क निर्माण नहीं हुआ तो ग्रामीणों ने आर्थिक नाकेबंदी की चेतावनी दी है।

औद्योगिक क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सराईपाली की जर्जर सड़क को लेकर ग्रामीणों ने घरघोड़ा एसडीएम को ज्ञापन सौंप कर सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि गेरवानी-सराईपाली मार्ग की स्थिति अत्यंत जर्जर है।जिससे रोजाना आवागमन करने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण यहां प्रतिदिन भारी वाहनों का आवागमन होता है। भारी वाहनों के कारण सड़क पूरी तरह उखड़ चुकी है और जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। इससे बुजुर्गों, महिलाओं, विद्यार्थियों और आम राहगीरों को आवाजाही में कठिनाई हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत बनी थी, लेकिन रखरखाव के अभाव में पूरी तरह जर्जर हो गई है। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में भी कई बार इस समस्या को लेकर आंदोलन और नाकेबंदी की जा चुकी है, लेकिन आश्वासन के अलावा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब ग्राम पंचायत सराईपाली के प्रतिनिधियों और क्षेत्रवासियों ने 15 दिनों के भीतर सड़क निर्माण करने की मांग की है। ग्रामीणों ने निर्धारित अवधि में काम शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन एवं अनिश्चितकालीन नाकेबंदी की चेतावनी दी है।

---



# 502 किलो गांजा के साथ 6 तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर के प्लांटसाइट थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 502 किलोग्राम 400 ग्राम गांजा जब्त कर छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

इस संबंध में प्लांटसाइट थाना कांड संख्या 139, 17 फरवरी के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) पप सी 25 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 16/17 फरवरी की मध्यरात्रि में सब इंस्पेक्टर सिद्धार्थ प्रधान अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। विश्वसनीय सूचना के आधार पर उन्होंने बंडा मुंडा मार्ग के शिवशंकर नगर स्थित फटापाइप के पास छापेमारी की। इस दौरान पांच अलग अलग वाहनों में अवैध रूप से गांजा ले जाया जाने का मामला सामने आया और पुलिस टीम ने तत्काल कार्यवाई की। पुलिस ने मौके से गुनानिधि घुसी 36, सुखनाथ उरांव 37, राहुल कुमार साहू 25, निखिल राय 23, कौशिक कुमार पाढ़ी उर्फ राजा 31 और नीरज सोनकर 24 को गिरफ्तार किया।

---

# उपभोक्ताओं को वितरण केन्द्रों में कैंप लगाकर को किया जा रहा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार उपभोक्ताओं में स्मार्ट मीटर संबंधी जागरूकता के लिए 9 से 23 फरवरी तक स्मार्ट मीटर पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। अकलतरा क्षेत्र के अंतर्गत सभी वितरण केदो में अलग-अलग ग्रामों के विभिन्न क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर का कैंप लगाकर जीनस कंपनी एवं विद्युत विभाग के संयुक्त प्रयास से जागरूकता हेतु जानकारी प्रदान की जा रही है।

शिवरीनारायण शहर में 16 फरवरी को स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। स्मार्ट मीटर पखवाड़ा के तहत एक प्रभावी उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ, जिसमें उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटरिंग तकनीक की बारीकियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली, मानवीय त्रुटि रहित सटीक बिलिंग, और मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम खपत निगरानी जैसे आधुनिक फीचर्स पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। साथ ही विभाग द्वारा उपभोक्ताओं की जिज्ञासाओं और तकनीकी शंकाओं का मौके पर ही त्वरित समाधान कर उन्हें इस डिजिटल बदलाव का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया। मौके पर स्मार्ट मीटर संबंधी कुल 10 फीडबैक फॉर्म प्राप्त हुए। कनिष्ठ यंत्री नरेश कुमार नेताम ने बताया कि स्मार्ट मीटर सीधे उपभोक्ता के मोबाइल नंबर द्वारा लिंक किया जा सकता है और मोर बिजली एप डाउनलोड करके स्मार्ट मीटर की तात्कालिक रीडिंगरीडिंग प्राप्त की जा सकती है। गलत बिजली बिल की समस्या भी इसके द्वारा ठीक की जा सकती है।विद्युत विभाग के कर्मचारी राजू बरिहा ने बताया कि पुराने मीटर को हटाकर नए मीटर लगाने पर किसी प्रकार की कोई भी राशि नहीं ली जाती। कार्यक्रम में कनिष्ठ यंत्री नरेश कुमार नेताम , राजू बरिहा एवं विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# दो महीने तक गायब रहीं स्कूल की शिक्षिका दूसरे की एसआईआर ड्यूटी में जोड़ दिया नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




**ऐसी कुटरचना रची की दो महीने तक किसी को कानों-कान खबर नहीं लगी**

ललित कन्या शाला की एक शिक्षिका की दो महीने की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की सार्वजिनक ड्यूटी लगाई गई थी। इसके लिए जारी आदेश में कई लोगों का नाम था। इसमें एक नाम में शिक्षिका ने छेड़छाड़ कर खुद का नाम लिख दिया। इस आधार पर स्कूल से रिलीव होकर वह घर में आराम फरमा रही थी।

इसका खुलासा तब हुआ जब वह दोबारा स्कूल में ज्वाइनिंग करने पहुंची। वहां के प्राचार्य ने एसआईआर शाखा की रिलीविंग लेटर जमा करने कहा, लेकिन उसके पास तो था ही नहीं। क्यों कि वह न तो एसआईआर में ड्यूटी करी थी और न ही उसके नाम का कोई आदेश जारी हुआ था। इसी बात से स्कूल के एचएम को शक हुआ और बीईओ को इसकी जानकारी दी। बीईओ की ओर से जांच कराई गई तो आदेश में काट-छांट का खुलासा हुआ। बीईओ की ओर से रिपोर्ट डीईओ को भेज दी गई है। ऐसे में अब उसकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। ललित मिडिल स्कूल की शिक्षिका ने जो कहानी गढ़ी है वह किसी मास्टर माइंड से कम नहीं है। दरअसल निर्वाचन शाखा और शिक्षा विभाग के सामंजस्य से एक ड्यूटी चार्ट जारी किया गया था। इसमें एसआईआर में जिनकी ड्यूटी लगी थी उनका नाम था। उक्त शिक्षिका का नाम इस लिस्ट में नहीं था। लिस्ट के एक नाम में उसने छेड़छाड़ कर खुदइ का नाम जोड़ दिया। इसके बाद फर्जी आदेश को लेकर स्कूल पहुंची और एचएम को दे दिया। एचएम ने भी आदेश को सही माना और उसे इस काम के लिए रिलीव कर दिया।

इस आदेश के दम पर शिक्षिका दो महीने तक स्कूल से गायब हो गई। स्कूल के कर्मचारी समझते रहे कि शिक्षिका एसआईआर का काम कर रही है। जब वापस स्कूल पहुंची तो उसे निर्वाचन शाखा का रिलीविंग लेटर मांगा गया, लेकिन वह दे नहीं पाई।

तब एचएम को संदेह हुआ और उन्होंने इसकी बीईओ से शिकायत की। जांच में पाया आदेश में छेड़छाड़ कर शिक्षिका द्वारा अपना खुद का नाम लिखवाने का खुलासा हआ। एईआरओ और ईआरओ ने शिक्षिका पर कार्रवाई की अनुशंसा के साथ पत्र डीईओ को भेज दिया है।

#### कराई जा रही है जांच

बीईओ से इस पूरे मामले की जांच कराई गई थी। रिपोर्ट के आधार पर शिक्षिका को संस्पेड की कार्रवाई करने के लिए अनुशंसा के साथ जेडी ऑफिस बिलासपुर भेजी गई है।

-के वेंकट राव
डीईओ, रायगढ़

---

### सोलर से नल-जल की स्थापना मिल रहा स्वच्छ पानी

# कुमा गांव के लोगों को लगाना पड़ता था पानी के लिए लाइन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



रायगढ़ के विकासखंड धरमजयगढ़ अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत कुमा आज ग्रामीण परिवर्तन की एक सशक्त मिसाल बनकर उभरा है। जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर बसे इस गांव में कभी पानी की समस्या जीवन का सबसे बड़ा संघर्ष थी। आज वही गांव जल जीवन मिशन के तहत स्थापित सोलर नल जल योजना के माध्यम से आत्मनिर्भरता स्वच्छता और समृद्धि की नई कहानी लिख रहा है। कुछ वर्ष पहले तक ग्राम कुमा में जल संकट सामान्य बात थी। महिलाएं सुबह से लेकर दोपहर तक हैंडपंपों के पास कतार में खड़ी दिखाई देती थीं। गर्मी के दिनों में जलस्तर गिरने से स्थिति और भी गंभीर हो जाती थी। कई बार पानी के लिए दूर.दूर तक जाना पड़ता था। इस दैनिक संघर्ष ने महिलाओं का समय, श्रम और ऊर्जा छीन ली थी। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती थी और परिवार के स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर पड़ता था। गांव के जीवन की रफ्तार पानी की उपलब्धता पर निर्भर थी और यही सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी। परिवर्तन की यह कहानी तब शुरू हुई जब जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम कुमा में सौर ऊर्जा आधारित नल.जल प्रदाय प्रणाली स्थापित की गई। गांव में लगाए गए सोलर पैनलों से संचालित पंप के माध्यम से जल को ऊंची टंकी तक पहुंचाया जाता है और वहां से पाइपलाइन द्वारा प्रत्येक घर तक नियमित जल आपूर्ति की जाती है। यह व्यवस्था बिजली पर निर्भर नहीं है, इसलिए बिजली कटौती का कोई प्रभाव नहीं पड़ता। पर्यावरण के अनुकूल यह प्रणाली न्यूनतम रखरखाव में दीर्घकालिक समाधान प्रदान कर रही है।

---

# वीबी जी राम जी अधिनियम का आईईसी अभियान जारी

**रायगढ़।** भारत सरकार के महत्वाकांक्षी विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण वीबी जी राम जी अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और जन.जागरूकता के लिए व्यापक आईईसी अभियान संचालित किया जा रहा है। जिले के सभी 07 विकासखंडों की 550 ग्राम पंचायतों में यह जन.संवाद कार्यक्रम लगातार जारी है। अभियान का उद्देश्य अधिनियम की वैधानिक विशेषताओं 125 दिन की रोजगार गारंटी, समयबद्ध भुगतान, डीबीटी प्रणाली और बेरोजगारी भत्ते जैसी महत्वपूर्ण प्रावधानों की स्पष्ट एवं संरचित जानकारी प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक पहुंचाना है, ताकि अधिकारों के प्रति सशक्त और जागरूक समाज का निर्माण हो सके। 26 जनवरी से प्रारंभ हुए इस अभियान के प्रथम तीन चरण सफलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं। जिसमें प्रथम सप्ताह भ्रम बनाम तथ्य जिसमें मीडिया संवाद और तथ्य पत्रों के माध्यम से 125 दिन की वैधानिक गारंटी, विलंबित भुगतान और डिजिटल भुगतान प्रणाली पर स्पष्टता दी गई।




JEE में भी रिकॉर्ड SELECTION का भरोसा – ACHARYA INSTITUTE
50+ विद्यार्थियों के JEE ADVANCED क्वालिफाई करने की प्रबल संभावना, ACHARYA INSTITUTE ने फिर दिखाई अपनी ACADEMIC STRENGTH
JEE MAIN RESULTS 2026 SESSION -I
SAYAM GHOSH 98.21 %ile PHY: 96.52 CHE: 97.41 MATH: 98.08
UTKARSH AWASTHI 99.20 %ile PHY: 98.06 CHE: 99.25 MATH: 98.51
NAITIK CHANDWANI 99.21 %ile PHY: 99.53 CHE: 97.97 MATH: 98.53
ADYA GUPTA 99.75 %ile PHY: 99.40 CHE: 99.16 MATH: 99.72
PRASANN AGRAWAL 99.60 %ile PHY: 99.65 CHE: 98.23 MATH: 99.51
HARSHIT KUMAR SINGH 99.21 %ile PHY: 99.27 CHE: 98.97 MATH: 97.44
ALIYA SHEIKH ASLAM 98.31 %ile PHY: 95.21 CHE: 97.04 MATH: 99.13
DHAIRYA OJHA 97.88 %ile PHY: 98.02 CHE: 97.87
SHREEJAN SWARNKAR 97.76 %ile PHY: 99.15 CHE: 97.97
PRAKASH AGRAWAL 97.74 %ile PHY: 95.28 CHE: 90.82 MATH: 99.02
YASH CHANDANI 97.70 %ile PHY: 96.93 CHE: 97.68 MATH: 93.06
SHIVANSH DUBEY 97.36 %ile PHY: 98.66 CHE: 96.49
RAGHAV SINGH 96.78 %ile PHY: 99.12 CHE: 98.84
ABHAY BANJARA 96.22 %ile PHY: 96.09 CHE: 91.94 MATH: 95.48
AKSHAT TIWARI 96.13 %ile PHY: 98.77 CHE: 97.05
ADITI CHANDRAKAR 95.09 %ile CHE: 96.13 MATH: 96.41
AMBUJ YADAV 95.01 %ile PHY: 95.35 CHE: 95.94
ADITYA JAIN 94.90 %ile
ADITI KRISMUCS 94.82 %ile PHY: 93.17 CHE: 95.03
SUJAL PATEL 93.76 %ile PHY: 94.83 CHE: 97.54
ANURAG SINHA 93.11 %ile MATH: 97.22
PRATIKSHA SAHU 91.79 %ile PHY: 93.50 CHE: 90.13
HIMANSHU SINGH THAKUR 90.38 %ile MATH: 96.95
SUBHIKSHA AGARWAL 89.00 %ile
YOGYATA BHARGAV 87.60 %ile
OM VERMA 86.99 %ile
MOKSHA TIWARI 86.27 %ile
ANUSHKA P BARPANDE 85.54 %ile
NAITIK DEWANGAN 84.85 %ile
CHEHAL 84.30 %ile
DHWANI AGRAWAL 83.27 %ile
SIDDHANT TRIPATHI 82.77 %ile
GITIKA 82.05 %ile
SAMRIDDHI TRIPATHI 82.00 %ile
PRANITA 80.05 %ile
BEST IIT JEE RESULTS OF ACHARYA INSTITUTE
NEET UG 2024 710 720
SHRISHTI GUPTA 98.23 %ile PHY: 99.85 CHE: 96.56 JEE 2024
AIIMS BHOPAL
NEET UG 2024 705 720
GUNJAN MISHRA 99.59 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024
AIIMS HYDERABAD
AKUL SONI 99.84 %ile AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2025
IIT GUWAHATI
SATYANSHU 98.78 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2025
NIT NAGPUR
DIVYANSH AGRAWAL 99.83 %ile 1 RANK IN CGPET 2023 JEE 2023
IIT BOMBAY
MAHI KALWANI 99.64 %ile PHY: 100 CHE: 100 JEE 2024
MNNIT ALLAHABAD
KARISHMA SINGH JEE ADV.AIR 776 AIR* 472 | CRL 2503 PHY: 99.71 CHE: 99.63 MATH: 99.72 JEE 2024
IIT KANPUR
PRADYUMNA CHIPDE 98.25 %ile PHY: 99.67 CHE: 97.19 MATH: 96.69 JEE 2024
NIT RAIPUR
ADMISSION OPEN FOR NEW SESSION 2026-27
FOUNDATION BATCH
CLASS 6th-10th
NURTURE BATCH
11th & 12th NEET / JEE
TEST SERIES
FOR NEET 2026
DROPPER BATCH
11th & 12th NEET / JEE
CRASH COURSE
NEET ENGLISH MEDIUM & HINDI MEDIUM
SUMMER COURSE
8-12TH ENGLISH MEDIUM | 11TH & 12TH HINDI MEDIUM
STARTING FROM MAY 1ST WEEK 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
8463879119
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTA
ADMISSION Start
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप

### आरएमसी ने किया 20 किलो प्लास्टिक जब्त, 5300 जुर्माना भी



**राउरकेला।** लंबे अंतराल के बाद राउरकेला महानगर निगम आरएमसी की इंफोर्समेंट टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ अभियान चलाया। सोमवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक प्लांट साइट थाना पुलिस की सहायता से बिसरा चौकए मेन रोडए ट्रैफिक मार्केट और डेली मार्केट क्षेत्र की करीब डेढ़ दर्जन दुकानों में छापेमारी की गई। जांच के दौरान दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को हैंडल वाले प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक कैरी बैग में सामान देते पाया गया। कार्रवाई में लगभग 20 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर 5300 रुपए का जुर्माना वसूला गया। सामाजिक कार्यकर्त्ता व आर टी आई एक्टिविस्ट डॉ राजकुमार यादव ने भेदभाव का आरोप लगाया है।

### बराह शिकार गिरोह का पर्दाफाश, पांच गिरफ्तार



**राउरकेला।** राउरकेला वन प्रभाग में वन्यजीव संरक्षण और जैव विविधता की सुरक्षा के लिए वन विभाग ने सख्त रुख अपनाते हुए बराह यानी जंगली सूअर शिकार गिरोह का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया। डीएफओ जशवंत सेठी के नेतृत्व में वन अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर की गई कार्रवाई में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से जंगली सूअर की खाल, मांस और शिकार में प्रयुक्त घातक हथियार जब्त किया। मीडिया से बातचीत मे डीएफओ व अन्य वन अधिकारियों ने बताया कि सुंदरगढ़ और राउरकेला के आसपास के वन क्षेत्र लंबे समय से अवैध शिकारियों के निशाने पर हैं, जिससे वन्यजीवों और पर्यावरणीय संतुलन को गंभीर खतरा उत्पन्न हो रहा है। इस कार्रवाई को वन विभाग की सख्ती, सतर्कता और त्वरित निर्णय क्षमता का उदाहरण है।

### सड़क दुर्घटना राहत के लिए पीएम कैशलेस और राहवीर योजना पर दिया गया प्रशिक्षण



**रायगढ़।** सोमवार को सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और प्रभावी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राहत कैशलेस उपचार योजना और राहवीर योजना के क्रियान्वयन पर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र एनआईसी के तकनीकी निदेशक अरविंद यादव ने किया। प्रशिक्षण में प्रधानमंत्री राहत कैशलेस उपचार योजना के उद्देश्य और प्रमुख प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। योजना का मुख्य लक्ष्य है सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को गोल्डन ऑवर के भीतर त्वरित और निर्बाध चिकित्सा सुविधा प्रदान करना। इसके तहत पीड़ितों को सूचीबद्ध चिकित्सालयों में कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे आपातकालीन परिस्थितियों में आर्थिक बाधा न आए और गंभीर स्थिति में भी मरीज को समय पर आवश्यक चिकित्सा सहायता मिल सके।

### छात्रों को बाइबिल बांटने वाले व्याख्याता के खिलाफ कार्रवाई

**जशपुरनगर।** शैक्षणिक अवधि के दौरान क्लासरूम में जाकर छात्र छात्राओं को बाइबिल बांटने वाले शासकीय हाई स्कूल केरसई के व्याख्याता दीपक तिग्गा को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि विगत 10 फरवरी को व्याख्यता दीपक तिग्गा प्राचार्य के बगैर जानकारी के छात्रों के क्लासरूम में चले गए और वहां मौजूद छात्र छात्राओं को छोटी छोटी बाइबिल की पुस्तकें बांटना शुरू कर दिया । इस बात की जानकारी जब स्कूल के प्राचार्य को लगी तो प्राचार्य ने तत्काल अपने स्तर से इसकी जांच शुरू कर दी जांच के दौरान क्लास रूम के छात्र- छात्राओं से बाईबिल की 14 पुस्तकें वापस ली गई । इसके बाद प्राचार्य के द्वारा तत्काल व्याख्याता दीपक तिग्गा को नोटिस जारी कर दिया गया और शिक्षा विभाग के जिला कार्यालय में इनकीं शिकायत कर दी गई। इस पूरे मामले की सघन छान बीन की गई तत्पश्चात मंगलवार को लोक शिक्षण संचनालय द्वारा इन्हें निलंबित कर दिया गया। हांलाकि निलंबन किए जाने के और भी कारण दर्शाए गए हैं।

### धान खरीदी विवादः पटवारी संघ ने खोला मोर्चा

**कोतबा।** ग्राम सुरंगपानी में धान खरीदी के लिए किए गए किसान पंजीकरण में कथित फर्जीवाड़े का मामला गहराता जा रहा है। एक ओर प्रशासन ने हल्का पटवारी द्वारका प्रसाद को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है, वहीं दूसरी ओर राजस्व पटवारी संघ (तहसील इकाई बागबहार) ने इस कार्रवाई को अनुचित बताते हुए मोर्चा खोल दिया है। आरोप है कि पटवारी द्वारका प्रसाद ने ग्राम सुरंगपानी के किसान कार्तिक और दिलीप के नाम पर फर्जी तरीके से पंजीकरण किया। आरोप यह भी है कि पोर्टल पर खसरा नंबरों (134/1, 139/1, 133/1 आदि) में हेरफेर कर अन्य हिस्सेदारों की भूमि को गलत तरीके से जोड़कर धान बेचने का प्रयास किया गया। मामले में पटवारी संघ ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि द्वारका प्रसाद के खिलाफ कार्रवाई की जाती है, तो संघ इसका विरोध करेगा।

# धरमजयगढ़ में सेवा की मिसालः डॉ. खुर्शीद की पहल पर 250 मरीजों ने शिविर का लिया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ धरमजयगढ़




आदिवासी बहुल धरमजयगढ़ क्षेत्र में जनसेवा के लिए समर्पित डॉ. खुर्शीद खान ने एक बार फिर समाजहित में सराहनीय पहल की। न्यू शगुफ्ता हॉस्पिटल, तुर्रापारा, धरमजयगढ़ में डॉक्टर आर एल हॉस्पिटल एंड टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर के तत्वावधान में निसंतान दंपतियों, अस्थि रोग, सामान्य बीमारियों, बाल एवं शिशु रोग तथा भ्रूण रोगों की जांच हेतु भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में रायगढ़ जिले के सर्वप्रथम टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर की सुप्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रिया अग्रवाल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रशांत अग्रवाल, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. सुबोध नायक, बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ.दिव्येश शर्मा तथा भ्रूण रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रवीण कुमार ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। इस अवसर पर क्षेत्र के करीब 250 मरीजों ने निःशुल्क परामर्श एवं जांच का लाभ उठायाएग्रामीणों ने शिविर की सराहना करते हुए कहा कि दूरस्थ क्षेत्र में इस प्रकार के विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं मिलना बड़ी सौभाग्य की बात है। डॉ. खुर्शीद खान के सतत प्रयासों से क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत हो रही हैं।

### पीएचसी बायसी को मिला प्रदेश स्तरीय सम्मान

डॉ. खुर्शीद खान की कार्यशैली का ही परिणाम है कि पीएचसी बायसी को स्वच्छता एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रदेश स्तरीय पुरस्कार प्राप्त हुआ। अस्पताल की साफ.सफाई, अनुशासन और बेहतर समन्वय के लिए वे सदैव तत्पर रहते थे।

वर्ष 2016 में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य विभाग के सचिव सुब्रत साहू, स्वास्थ्य सेवाओं की निदेशक रानू साहू तथा जिला पंचायत रायगढ़ की सीईओ चंदन त्रिपाठी के हाथों डॉण खान को सम्मानित किया गया था। डॉ. खान ने कहा कि जब तक वे धरम की नगरी धरमजयगढ़ एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हैं, तब तक जरूरतमंदों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे, जनता का विश्वासए सेवा का संकल्प डॉ. खुर्शीद खान की यही कार्यशैली उन्हें क्षेत्र में लगातार सम्मान दिला रही है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे सेवाभावी चिकित्सक के प्रयासों से ही धरमजयगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं का स्तर लगातार ऊंचा उठ रहा है।

### जंगल के रास्ते झारखंड ले जा रहे थे आरोपी

# 7 गौवंश तस्करों के चंगुल से मुक्त






हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में गौ तस्करी के खिलाफ चल रहे विशेष अभियान 'ऑपरेशन शंखनाद' के तहत जशपुर पुलिस ने एक बार फिर बड़ी सफलता हासिल की है। थाना सिटी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टिकैतगंज के जंगल से 7 नग गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया। तस्कर इन्हें पैदल जंगल के रास्ते झारखंड राज्य की ओर ले जा रहे थे।

पुलिस को 16 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि टिकैतगंज के पास जंगल मार्ग से कुछ संदिग्ध व्यक्ति गौवंशों को बेरहमी से मारते-पीटते हुए हांककर ले जा रहे हैं। सूचना में यह भी आशंका जताई गई कि इन्हें गोविंदपुर (झारखंड) की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए मौके पर दबिश दी। जंगल में पहुंचकर पुलिस ने देखा कि कुछ व्यक्ति तेजी से गौवंशों को पैदल ले जा रहे थे। पुलिस द्वारा घेराबंदी करते ही आरोपी गौवंशों को छोड़कर घने जंगल का फायदा उठाते हुए फरार हो गए।

### दूसरे मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

गौ तस्करी के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना आस्ता क्षेत्र के बहुचर्चित मामले में आरोपी जागेश्वर लकड़ा उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम गोविंदपुर, थाना जारी, जिला गुमला (झारखंड) को पुलिस ने मनोरा क्षेत्र से घेराबंदी कर पकड़ा और न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। आरोपी जागेश्वर लकड़ा की पुलिस लगातार तलाश कर रही थी। मुखबिर से सूचना मिली कि वह मनोरा क्षेत्र में देखा गया है। थाना आस्ता पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर उसे हिरासत में ले लिया।

### स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया

मौके से पुलिस ने 7 गौवंशों को सुरक्षित बरामद किया। सभी का पशु चिकित्सक से स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया है। पुलिस फरार तस्करों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार पतासाजी कर रही है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली जशपुर में छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शिक्षक महेश ने रचा इतिहास

**जशपुरनगर।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में 13 से 15 फरवरी तक आयोजित 45 वीं राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में देशभर के 21 राज्यों के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। छत्तीसगढ़ से 40 सदस्यीय महिला एवं पुरुष दल ने विभिन्न आयु वर्गों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में प्राथमिक शाला डीपाटोली कुनकुरी के शिक्षक महेश तिर्की विगत 5 वर्षों के लंबे संघर्ष और निरंतर अभ्यास के बाद पहली बार 40 प्लस आयु वर्ग की 200 एवं 800 मीटर दौड़ स्पर्धा में रजत पदक 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक और 100×4 व 400×4 मीटर रिले दौड़ स्पर्धा में रजत पदक प्राप्त किया। इससे पूर्व भी वे सिविल सर्विसेज प्रतियोगिता में 4 दफा छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। शिक्षक महेश तिर्की विद्यालय पहुंचे तो बच्चों ने उनका स्वागत किया। महेश तिर्की ने बच्चों को खेल-कूद के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि, पढ़ाई-लिखाई के साथ - साथ खेलकूद अति आवश्यक है। खेल-कूद से शरीर एवं मन स्वस्थ रहता है।

- 4 रजत एवं 1 कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का बढ़ाया मान



### राउरकेला बना स्मार्ट निगरानी का शहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर में स्मार्ट गवर्नेंस और आधुनिक शहरी प्रबंधन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर का औपचारिक शुभारंभ किया गया। यह केंद्र राउरकेला म्युनिसिपल कार्पोरेशन और राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड के संयुक्त प्रयासों के तहत स्थापित किया गया है।

इस अत्याधुनिक सुविधा का उद्घाटन सुश्री धीना दस्तगीर, आईएएस, आयुक्त, राउरकेला नगर निगम एवं सीईओ, राउरकेला स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा किया गया। आईसीसीसी के संचालन शुरू होने के साथ ही शहर में यातायात प्रबंधन, कानून-व्यवस्था की निगरानी और आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण को नई मजबूती मिलने की उम्मीद है। शहर के 13 प्रमुख स्थानों पर अत्याधुनिक ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम स्थापित किए गए हैं, जिनमें से चार प्रमुख चौराहों पर व्यवस्था तत्काल प्रभाव से सक्रिय कर दी गई है। यह प्रणाली ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन तकनीक से सुसज्जित है। जैसे यातायात उल्लंघनों की स्वतः पहचान कर सकेगी। अधिकारियों का मानना है कि तकनीक आधारित प्रवर्तन से सड़क सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा और नियमों के पालन में सुधार आएगा। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए शहर के रणनीतिक स्थलों पर 600 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अलावा, आपातकालीन या विशेष परिस्थितियों में त्वरित सूचना प्रसारित करने हेतु 10 स्थानों पर पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम स्थापित किए गए हैं। नागरिकों की सहायता के लिए 20 इमरजेंसी कॉल बॉक्स लगाए गए हैं, जिनमें से 14 वर्तमान में कार्यरत हैं।

### मनोरा में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता

**जशपुरनगर।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर एवं जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत विकासखंड मनोरा में विकासखंड स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कार्यक्रम हाई स्कूल हायर सेकेंडरी एवं उच्च प्राथमिक दो स्तर पर विकासखंड स्त्रोत केंद्र मनोरा के सभागार में आयोजित किए गया।कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में गणित विज्ञान के साथ नवाचार के प्रति रुचि उत्पन्न करना था विकासखंड मनोरा के विभिन्न संकुलों से आए विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाई। कार्यक्रम बीआरसी मनोरा आशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उक्त क्विज कार्यक्रम में माध्यमिक खंड से दल क्रमांक ए के दीपक राम सिमरन लकड़ा विवेक कुमार स्वर्णनी बाई प्रथम स्थान प्राप्त किये दल क्रमांक डी के अक्षय राम सत्येंद्र नाम मनीषा बाई देवी बाई द्वितीय स्थान प्राप्त किये ग्रुप ई के आलोक प्रधान प्रणीत इंदवार संजना पर रुपेश यादव तृतीय स्थान पर रहे। क्विज प्रतिभागियों को प्रेरित करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों में आत्मविश्वास के साथ स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास होता है।

**ये हुए पुरस्कृत**-हाई स्कूल हायर सेकेंडरी खंड में पीएम श्री सेजेस मनोरा के पुष्पा मिश्रा सिल्की बाई अनिमा बाई श्याम प्रधान प्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सोन्क्यारी एवं आस्ता के अनुषा किसपोट्टा सावित्री यादव लक्ष्मीबाई सुमित्रा बाई द्वितीय शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय खरसोता के युवराज प्रधान गौरव निराला आशिक भगत संतोषी बाई तृतीय स्थान प्राप्त किये विजेता छात्रों को विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री तरुण पटेल के द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया।

## कीमत बढ़ी, भोजन की गुणवत्ता नहीं बदली



हरिभूमि न्यूज ⏭ राउरकेला

शहर के आहार केंद्रों में समय समय पर भोजन की गुणवत्ता, पानी और स्वच्छता को लेकर तथा दो प्रकार की थालियों में भोजन परोसने को लेकर विवाद उठते रहे हैं। पहले एक थाली पर 20 रुपए खर्च होते थे, जिसमें सरकार 15 रुपए वहन करती थी और लाभार्थी 5 रुपए देते थे। अब प्रति थाली खर्च बढ़ाकर 27 रुपये कर दिया गया है। इसमें सरकार 22 रुपए वहन कर रही है और लाभार्थी अब भी 5 रुपये ही दे रहे हैं। प्रति थाली 7 रुपये की वृद्धि होने के बावजूद भोजन की गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ है कृ ऐसा आरोप आहार केंद्रों में भोजन करने आने वाले लाभार्थियों ने लगाया है। शहर के छह केंद्रों में नया बस स्टैंड, सेक्टर 2 सरकारी बस स्टैंड, आईजीएच के सामने मुंडा मार्केट, राउरकेला सरकारी अस्पताल आरजीएच, पावर हाउस रोड और वेदव्यास में प्रतिदिन लगभग 5,200 लाभार्थियों को छोटी थाली 5 रुपये और बड़ी थाली 10 रुपये में चावल, दालमा और अचार दिया जा रहा है। इस पर प्रति माह लगभग 42 लाख 12 हजार रुपए खर्च हो रहे हैं। पहले भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए प्रत्येक आहार केंद्र में एक प्रभारी नियुक्त होता था, लेकिन पिछले कुछ महीनों से प्रभारी न होने के कारण भोजन की गुणवत्ता की जांच नहीं हो पा रही है।

### कांसाबेल महाविद्यालय के मना वार्षिकोत्सव

# वार्षिक उत्सव से बढ़ता है विद्यार्थियों का आत्मविश्वास








हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कांसाबेल के नवीन शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय थे।

उन्होंने कहा कि वार्षिक उत्सव विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उनकी प्रतिभा को एक मंच प्रदान करते हैं। वार्षिक उत्सव के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इन कार्यक्रमों में नृत्य, गीत और नाट्य शामिल थे। छात्राओं ने देशभक्ति, सामाजिक संदेश और भारतीय संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर अलोक सारथी, जिला मंत्री भाजपा जशपुर, शिप्रा दास जी, जनपद पंचायत सदस्य केशव पांडे, मंडल महामंत्री कासाबेल मंडल उपाध्यक्ष घनश्याम अग्रवाल, सरपंच अनिल खलखो, उपसरपंच अमित जिंदल, सांतनु गर्ग, नारायण दास, अरविन्द स्वर्णकार विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहे।

### हॉकी इंडिया की होबार्ट के लिए 24 सदस्यीय टीम की घोषणा


**राउरकेला।** हॉकी इंडिया ने मंगलवार को एफ आई एच पुरुष प्रो लीग 2025-26 के होबार्ट चरण के लिए 24 सदस्यीय भारतीय पुरुष हॉकी टीम की घोषणा की। यह चरण 20 से 25 फरवरी तक ऑस्ट्रेलिया के होबार्ट स्थित तस्मानिया हॉकी सेंटर में खेला जाएगा। भारत के साथ इस चरण में स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया की टीमें हिस्सा लेंगी] जिससे मुकाबले रोमांचक और प्रतिस्पर्धी होने की उम्मीद है। टीम का नेतृत्व दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हार्दिक सिंह करेंगे। राउरकेला चरण में पदार्पण करने वाले युवा खिलाड़ी अमनदीप लकड़ा और मनमीत सिंह को भी टीम में शामिल किया गया है। निजी कारणों से हरमनप्रीत सिंह इस दौरे में नहीं होंगे। गोलकीपर के रूप में सूरज करकेरा और मोहित होन्नेनहल्ली शशिकुमार जिम्मेदारी संभालेंगे। डिफेंस में अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, जुगराज सिंह, संजय, सुमित, अमनदीप लकड़ा, यशदीप सिवाच और पूवन्ना चंदूरा बॉबी शामिल हैं। मिडफील्ड में कप्तान हार्दिक सिंह के साथ संजय, विवेक सागर प्रसाद, राजकुमार पाल, राजिंदर सिंह, मनमीत सिंह, मोइरांगथेम रबीचंद्र सिंह और विष्णु कांत सिंह टीम को मजबूती देंगे। फॉरवर्ड लाइन में मनदीप सिंह, अभिषेक, शिलानंद लकड़ा, मनिंदर सिंह, अंगद बीर सिंह, अरिजीत सिंह हुंडाल और आदित्य अर्जुन लालगे शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### ओपी ने जताया शोक



**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की माताजी श्रीमती कुसुम सिन्हा के निधन पर शोक जताते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा उनके निधन का समाचार अत्यंत दुखद है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिजनों को दुरूख की घड़ी में संबल प्रदान करें।



### शासकीय भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण

**पुसौर।** नगर पंचायत पुसौर के वार्ड क्रमांक 15 में जनपद कार्यालय कॉम्प्लेक्स के बगल में स्थित शासकीय भूमि पर एक नया अवैध कब्जा हो रहा है। यहां मकान निर्माण किया जा रहा है। इस भूमि को कभी दीनदयाल आवास अंतर्गत आबंटित किया गया था लेकिन वर्तमान में यह जमीन किसी के कब्जे में चला गया है। यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसके बाद भी इस भूखंड के एक छोटे टुकड़े में कोई मिट्टी पाट कर समतल किया गया है। सामने नाली बनाने के लिए पाइप लाया गया है। राजस्व विभाग से जुड़े लोगों से इसकी पड़ताल की गई जिसमें किसी को इस संबंध में जानकारी नहीं होना बताया गया। यह स्थिति चिंताजनक है क्योंकि शासकीय भूमि पर निर्माण कार्य करने के लिए किसी भी प्रकार की स्वीकृति नहीं लेना स्थानीय शासन प्रशासन को ठेंगा दिखाने जैसा है।

### तमनार नपं के पहले अध्यक्ष बने अश्वनी



**तमनार।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा 16 फरवरी को एक महत्वपूर्ण अधिसूचना जारी की गई है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 16 (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर पंचायत तमनार जिला रायगढ़ के कार्यों के संचालन के लिए एक नई समिति का गठन किया है। यह समिति आगामी आदेश तक नगर पंचायत के परिषद संबंधी कार्यों का निर्वहन करेगी। इस नियुक्ति के आदेश राज्यपाल के नाम से उप.सचिव भागवत जायसवाल द्वारा जारी किए गए हैं। शासन के आदेश अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगी ताकि नगर पंचायत तमनार के प्रशासनिक और विकास कार्य सुचारू रूप से चलते रहे। नवनियुक्त समिति में कुल 7 सदस्यों को शामिल किया गया है।

### 24 को पेश होगा साय सरकार का तीसरा बजट

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी 24 फरवरी की साय सरकार का तीसरा बजट पेश करेंगे। ओपी चौधरी द्वारा पेश सरकार का पहला बजट ज्ञान आधारित था, जिसे गरीब, युवा, किसान और महिलाओं को समर्पित किया गया था दूसरा बजट गति की रणनीति पर केंद्रित रहा, जिसमें गुड गवर्नेंस, एक्सीलरेटिंग इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर विशेष फोकस किया गया। हाथ से लिखे इस बजट की चर्चा पूरे देश में हुई थी। वित्त मंत्री रहते हुए ओपी चौधरी ने बजट को लेकर जो तस्वीर पेश की है यह छत्तीसगढ़ के लिए मिल का पत्थर साबित होगी। तीसरे बजट के लिए ओपी चौधरी ने मीडिया में दिए बयान में कहा 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य की दीर्घकालिक योजना में हमारा हर बजट छत्तीसगढ़ विजन 2047 की ओर एक एक कदम के रुप में अल्पकालिक योजना की तरह कार्य करेगा।

### निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश

# जिले में हो रहे अवैध रेत उत्खनन की जांच करेगी राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने अधिकारियों की बैठक लेकर जिले के प्रगतिरत कार्यों का समीक्षा किया। उन्होंने प्राप्त सभी आवेदन, मांग, शिकायत के निराकरण स्थिति की जानकारी अधिकारियों से लेकरउ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धरती आबा, आयुष्मान कार्ड, पीएम सूर्यघर, आभा आईडी, अपार आईडी, पीएम स्वनिधि, पीएम अन्नदाता आय संरक्षण अभियान का समीक्षा किया। कलेक्टर ने सभी विभागों के सरकारी अधिकारी कर्मचारी को आई गॉट कर्मयोगी डॉट जीओवी इन में मार्च तक रजिस्ट्रेशन करने जिले में चल रहे निर्माण कार्यों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।

जिले के सभी रेत खदानों में अवैध रेत उतखन्न, परिवहन और भंडारण करने वालों के विरुद्ध खनिज, राजस्व और पुलिस के साथ टीम बनाकर कार्रवाइ करने के निर्देश कलेक्टर ने खनि आधिकारी को दिए। कलेक्टर ने रेत के लिए सभी सीईओ जनपद पंचायत को पीएम आवास हितग्राही और उसके ट्रेक्टर की सूची देने के निर्देश दिए ताकि पीएम आवास कार्य में संलग्न वाहनों की पहचान हो सके। कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन और जन प्रतिनिधियों के आवेदनों को संवेदनशीलता और गंभीरता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार रबी मौसम में दलहन, सरसो, मूंगफली, फसलों का समर्थन मूल्य पर खरीदी हो इसके लिए तहसीलदार एवं पटवारियों को 100 प्रतिशत गिरदावरी करने के निर्देश दिए। प्रशासन गांव की ओर थीम पर रात्रिकालीन जन चौपाल का आयोजन आगामी दिनों में किया जाएगा। सरिया तहसील का यह सांकरा गांव चारों ओर से ओडिशा के गांवों से घिरा है। उल्लेखनीय है कि रियासतकालीन समय में यह गांव सारंगढ़ रियासत को दान में मिला था।



बैठक लेते कलेक्टर और उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी।

## अमेठी में होगा छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोसीर



सारंगढ़ जिला मुख्यालय के अमेठी गांव में मराठा समाज अपने ईष्ट देवी तुलझा भवानी मंदिर की भूमिपूजन एवं छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापना करने जा रहा है। 19 फरवरी को शिवाजी महाराज के जयंती के अवसर पर मूर्ति स्थापना कार्यक्रम रखी गई है इस आयोजन में सारंगढ़ बिलाईगढ़, रायगढ़, जांजगीर चांपा सक्ति और महासमुंद जिला के मराठा समाज के लोग शामिल होंगे। जिसकी तैयारी मराठा समाज के द्वारा चल रही है।

सारंगढ़ में अमेठी गांव में मराठा समाज के लोग अधिकाधिक हैं। मराठा समाज महाराष्ट्र का एक प्रमुख समाज है, जो अपनी वीरता, साहस और स्वाभिमान के लिए जाना जाता है। यह समाज मुख्य रूप से महाराष्ट्र में निवास करता है और अपनी समृद्ध संस्कृति और परंपराओं के लिए प्रसिद्ध है। छत्रपति शिवाजी महाराज मराठा समाज के एक महान नायक थे, जिन्होंने 17वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य की स्थापना की थी। वह एक कुशल योद्धा, राजनीतिज्ञ और प्रशासक थे, जिन्होंने अपने समय के शक्तिशाली मुगल साम्राज्य को चुनौती दी थी। शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को महाराष्ट्र के शिवनेरी किले में हुआ था। कोसीर मराठा समाज के प्रमुख शंभू राव ने बताया कि यह कार्यक्रम 19 फरवरी को दोपहर 1 बजे रखी गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में सारंगढ़ विधायक श्रीमती उत्तरी जांगड़े, अरुण मालाकार, अरविंद खटकर और पूर्व सारंगढ़ विधायक सुश्री कामदा जोल्हे होंगे। कार्यक्रम को लेकर समाज में उत्साह है।

## कसैया प्राथमिक शाला में मना वार्षिकोत्सव




हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय प्राथमिक शाला कसैया, संकुल कन्या घरघोड़ा में वार्षिक उत्सव बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गयाए जिसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा एक से बढ़कर एक आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं, जिन्होंने उपस्थित जनसमुदाय का मन मोह लिया। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें कुर्सी दौड़, बॉल फेंक, ऊँची कूद एवं लंबी कूद जैसी विभिन्न प्रतिस्पर्धाएँ सम्पन्न हुईं। शिक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु अपना अमूल्य समय एवं सहयोग प्रदान कियाए जिसके लिए विद्यालय परिवार द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया। वहीं वॉर्ड पार्षद बैतल राठिया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।



### कानफोडू साइलेंसर लगी 11 बाइक जब्त, 45 हजार जुर्माना

**राजगांगपुर।** सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से राजगांगपुर पुलिस द्वारा विशेष मोटर वाहन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर तेज व कर्कस आवाज लगाए गए 11 मोटरसाइकिलों को जब्त किया गया। जांच में पाया गया कि इन बाइकों में लगाए गए साइलेंसर से अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण हो रहा था, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। साथ ही यह मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन भी था। पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 45 हजार रुपए का जुर्माना वसूला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभियान का उद्देश्य केवल दंडात्मक कार्रवाई करना नहीं, बल्कि लोगों में यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाना भी है।

## महाशिवरात्रि पर धूमधाम से निकली भोले बाबा की बारात, शिवमय हुआ खरसिया नगर

**खरसिया।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व के अवसर पर 15 मार्च को भगत तालाब स्थित ख्याति प्राप्त शिव मंदिर में महा शिवरात्रि का पर्व धूम धाम से मनाया गया, विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव परिवार के सदस्यों एवं नगर वासियों के सहयोग से भगवान शिव के इस महापर्व में भोलेनाथ की बारात निकाली गयी जो नगर के प्रमख मार्गो से होते हुए नगर भ्रमण करते हुए वापिस भगत तालाब स्थित शिव मंदिर पहुंची। भोलेनाथ की बारात को लेकर नगर वासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

नगरवासियों के द्वारा जगह जगह पर बारात का स्वागत किया गया तथा नगर भ्रमण के दौरान नगर में अनेक स्थानों पर नगर की सामाजिक संस्थाओं तथा धर्मप्रेमियों के द्वारा स्टाल लगाकर बारातियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई थी। गौरतलब है कि शिव परिवार खरसिया तथा नगरवासियों के सहयोग से विगत 4 वर्षों से नगर में शिव बारात का भव्य आयोजन किया जा रहा है, इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर मछली तालाब स्थित शिव मंदिर से बोले बाबा की भव्य बारात निकाली गयी। बारात में मेरठ के कलाकारों के द्वारा बनाई गई शिव पार्वती की मनमोहक झांकियां मन को मोह रही थी। ढोल ताशे और नगाड़े के साथ निकली शिव की विशाल बारात में भूत प्रेतों का रूप लेकर झांकिया निकाली गयी थी झाँकियो में प्रमुख रूप से शंकर भगवान, काली माता तथा नाचते हुए रीछ की झांकिया लोगों को मुग्ध कर रही थी। नगर के धर्मप्रेमी युवा विशाल शिवलिंग को पालकी में लेकर बारात के साथ चल रहे थे जो दर्शनीय था। भोले बाबा की बारात शिव मंदिर से दोपहर 4 बजे से प्रारंभ हुयी तथा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए शिव मंदिर भगत तालाब पहुंची तत्पश्चात शिव परिवार के द्वारा भोलेनाथ के महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया। आरती के पश्चात मंदिर के पास में ही स्टेज बनाकर मेरठ के कलाकारों के द्वारा शिव तांडव के नृत्य सहित गदर फ़ल्मि की झांकी का प्रदर्शन किया गया जो लोगों को मंत्रमुग्ध करता रहा और लोग बाबा की झांकियों को देखकर शिव भक्ति में सरोबार होते रहे। शिव बारात के सफल आयोजन के लिए खरसिया पुलिस के द्वारा चाक चौबंद व्यवस्था की गई थी, चौंकी प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी अपने पुलिस बल के साथ शिव बारात के साथ साथ चल रहे थे तथा यातायात व्यवस्था संभाल रहे थे। नगरवासियों के सहयोग से इस विशाल एवम भव्य शिव बारात का सफल आयोजन सम्पन्न हुआ तथा समस्त खरसिया नगर शिव भक्ति में सरोबार रहा।



## निक्षय निरामय अभियान 2.0 के लिए दी गई ट्रेनिंग





**रायगढ़।** निक्षय निरामय अभियान 2.0 के सुचारू एवं प्रभावी संचालन हेतु आज जिला स्तर पर खंड चिकित्सा अधिकारियों, चिकित्सा अधिकारियों तथा पर्यवेक्षकों के लिए रायगढ़ में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसका उद्देश्य जिले में क्षय रोग उन्मूलन के प्रयासों को गति देना तथा अभियान की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाना है। प्रशिक्षण में अभियान की रूपरेखा, सूक्ष्म कार्ययोजना, मरीजों की पहचान, जांच एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। विशेष रूप से उच्च जोखिम समूह के संदेहास्पद मरीजों की पहचान कर समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

## सरिया तहसीलदार किए गए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

जिले में प्रशासनिक कार्यों के सफल एवं प्रभावी संचालन के लिए सरिया तहसीलदार कोमल प्रसाद साहू को एसआईआर विशेष गहन पुनरीक्षण एवं धान खरीदी कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे आईएएस ने श्री साहू को सम्मानित करते हुए कहा कि प्रशासनिक कार्यों में समयबद्धता पारदर्शिता और जिम्मेदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के दौरान मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य को गंभीरता और सतर्कता के साथ संपन्न कराया गयाए जिससे निर्वाचन प्रक्रिया की शुद्धता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई। इसी प्रकार समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य में भी सरिया तहसील के अंतर्गत आने वाले उपार्जन केंद्रों में सुचारू व्यवस्था, किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान तथा किसानो की सुविधा सुनिश्चित करने में तहसीलदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धान खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाओं की नियमित मॉनिटरिंग, रिकॉर्ड संधारण और समन्वय के कारण कार्य बिना किसी बड़ी बाधा के सफलतापूर्वक पूर्ण हुआ।



## कार्यशाला में बीजेपी की टीम ने की शिरकत




**रायगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की प्रांतीय कार्यशाला में जिला भाजपा ने सक्रिय सहभागिता निभाई। जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान के नेतृत्व में जिला टीम रायपुर पहुंची और संगठनात्मक मजबूती व आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत मार्गदर्शन प्राप्त किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला भाजपा के महामंत्री विकास केड़िया, कमल गर्ग, गोकुल यादव, सुषमा खलखो एवं अंशु टुटेजा शामिल हुए। प्रशिक्षण सत्र में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सोशल मीडिया की भूमिका तथा आगामी चुनावी रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष अरुणधर दीवान ने कहा कि इस प्रशिक्षण महाअभियान से कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी, जिससे संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान की जा सकेगी। जिले की टीम ने प्रांतीय नेतृत्व से मार्गदर्शन लेकर इसे जमीनी स्तर तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## जागरूकता अभियान के तहत पूर्ण हुआ 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ



**सरिया।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित दुष्प्रवृत्ति उन्मूलन व सत्प्रवृत्ति संवर्धन अभियान के तहत सरिया में भव्य कलश यात्रा और गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर पंचायत सरिया के वार्ड क्रमांक तीन वीर सावरकर वार्ड में दो दिवसीय गायत्री अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिसमें सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ आज मंगलवार को गायत्री महायज्ञ अनुष्ठान संपन्न हुआ। शांतिकुंज हरिद्वार की पहल पर इसका आयोजन किया गया।

जिसमें नशा मुक्ति एव्यसन उन्मूलन सामाजिक समरसता, और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। हम बदलेंगेए युग बदलेगा के सिद्धांत पर चलते हुए गायत्री परिवार ने समाज में वैचारिक परिवर्तन लाकर दुष्प्रवृत्तियां को खत्म करना और सत्य प्रवृत्ति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नगर एवं अंचल में जगह जगह अभियान चलाकर समाज में जागरूकता लाई जा रही है। नगर के वार्ड क्रमांक तीन वीर सावरकर वार्ड में भव्य कलश यात्रा के साथ मंगलवार को 9 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाया गया। इस आयोजन में महिलाओं तथा युवाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग लेकर सामाजिक सुधार व राष्ट्र निर्माण का संकल्प लिया। हरिद्वार के प्रतिनिधि के रूप में द्वारा वार्ड क्रमांक 3 में उक्त आयोजन से लोगों में जन जागरूकता आई है।

## समाजसेवी चंद्रशेखर की सजगता से परिजनों को मिली युवती

**चंद्रपुर।** नगर में मानवता और सतर्कता की मिसाल पेश करते हुए नगर के समाजसेवी एवं गौसेवक चंद्रशेखर मालवीय ने एक भटकी हुई युवती को सकुशल उसके परिजनों से मिलवाया। समय रहते की गई पहल से एक संभावित अनहोनी टल गई और परिवार की चिंता भी समाप्त हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार रात लगभग साढ़े 8 बजे चंद्रशेखर मालवीय रोज की तरह अपनी दुकान बंद कर बजरंग साहू के साथ पास ही बैठे थे। इसी दौरान करीब 30 वर्षीय एक युवती वहां पहुंची और साईं धर्मशाला का पता पूछने लगी। बातचीत के दौरान उसकी स्थिति संदिग्ध प्रतीत होने पर मालवीय ने उससे पूछताछ की। युवती ने अपने पिता का नाम तो नहीं बताया, लेकिन कोड़ातराई रामनगर शब्द उसके मुंह से निकला, जिससे सुराग मिला।

युवती ने बताया कि वह घर से निकल आई है और उसने भोजन भी नहीं किया था। मानवीय पहल करते हुए मालवीय ने पहले उसे समीप के होटल में भोजन कराया। तत्पश्चात स्थानीय थाने में थाना प्रभारी को सूचना दी गई। साथ ही कोड़ातराई स्थित एक विद्यालय के संचालक से संपर्क कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई गई। भोजन कराने के बाद युवती को समझा बुझाकर सुरक्षित स्थान पर रखा गया। रात लगभग 10.30 बजे उसके परिजन चंद्रपुर पहुंचे और युवती को अपने साथ घर ले गए।

